स्टेशनों की सह ब्रांडिंग से NMRC के राजस्व में होगी वृद्धि

5 के बाद अब 11 स्टेशनों के सह ब्रांडिंग की तैयारी तेज, 24 को बैठक

नोएडा (विसं.)। एनएमआरसी अब अपने 16 स्टेशनों की सह ब्रांडिंग का अधिकार देकर सालाना कई करोड़ रू० की राजस्व की प्राप्ति हासिल करेगी।

पहले 5 स्टेशनों के सह ब्रांडिंग से 5.52 करोड़ का राजस्व मिलेगा। अब 11 स्टेशनों की सह ब्रांडिंग की तैयारी चल रही है।

नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एनएमआरसी) ने राजस्व बढ़ाने के लिए अब स्टेशनों के सह ब्रांडिंग के अधिकार देने की मुहिम तेज कर दी है। इसी के तहत 11 स्टेशनों को सह ब्रांडिंग का अधिकार देने के लिए निविदायें आमंत्रित की गयी हैं। इसको लेकर 24 मई को सेक्टर-29 स्थित एनएमआरसी कार्यालय पर बैठक भी होगी।

एनएमआरसी की उप महाप्रबंधक (कार्पोरेट कम्युनिकेशंस) संध्या शर्मा ने बताया कि एनएमआरसी ने 33 सरकारी/अर्द्धसरकारी तथा सार्वजनिक उपक्रमों एवं राष्ट्रीयकृत बैंकों को पत्र भी लिखा है। इसमें एनटीपीसी लिमिटेड, ओएनजीसी, स्टील अथारिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, बीएचईएल, जीएआईएल, एनबीसीसी, इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड, एमटीएनएल, पॉवर फाइनेंस कारपोरेशन, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, राष्ट्रीय इस्पताल निगम लिमिटेड, शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आईडीबीआई बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक तथा सिंडीकेट बैंक को सह ब्रांडिंग के लिए पत्र लिखा है।

उन्होंने बताया कि एनएमआरसी नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच चलने वाली एक्वा मेट्रो स्टेशनों में सेक्टर-76, सेक्टर-101, सेक्टर-81, सेक्टर-83, सेक्टर-143, एनएसईजेड, सेक्टर-149, सेक्टर-145, सेक्टर-146, सेक्टर-147 तथा ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन की सह ब्रांडिंग का अधिकार देने के लिए तैयार है। इसके पूर्व एनएमआरसी सेक्टर-137, सेक्टर-142, नॉलेज पार्क-2, परी चौक तथा अल्फा-1 के सह ब्रांडिंग का अधिकार पांच कंपनियों/संस्थान को दे चुका है।